Title: Need to check the law and order situation in Aurangabad District, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) (बिहार): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान कानून और व्यवस्था के गम्भीर और महत्वपूर्ण मामले की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं बिहार के औरंगाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करता हूं। यह क्षेत्र उग्रवाद से बुरी तरह से प्रभावित है। इसी साल की २९ अप्रेल को औरंगाबाद जिले के आरक्षीय अधीक्षक ने शांति समिति के नाम पर एक आम सभा औरंगाबाद जिले में बुलाई। उसमें सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने उग्रवादी संगठनों को बुलाकर कहा कि आपस में मत लड़ो। आप लोग तथाकथित सामंतवादियों की हत्या करो। यदि थाने वाले तुम्हारा विरोध करें तो थाने पर हमला करो, दरोगा पर हमला करो। यह बहुत गम्भीर मामला है। औरंगाबाद जिले में जहां दर्जनों सामूहिक हत्याएं हो चुकी हैं, वहां दलेलचक बघौरा जैसा हत्याकांड भी हुआ था, जो कि भारतवर्ष में एक रिकार्ड था। कुछ दिन पहले वहां बगल के जहानाबाद जिले में बाथे नरसंहार हुआ, जिससे दलेलचक बघौरा कांड का भी रिकार्ड टूट गया। मैं केन्द्र सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि जब कोई सामूहिक हत्याकांड हो जाता है तो वहां की सरकार के मुख्य मंत्री और मंत्री वहां जाते हैं, पर मैं सरकार को सचेत करना चाहता हूं कि वह इस ओर कदम उठाए और मामले की गम्भीरता समझे तथा ऐसे अधिकारियों को निलम्बित करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे।

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका): सभापति महोदय, यह वास्तव में गम्भीर मामला है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।